भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 2680
दिनांक 16/03/2026 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय युवा संसद योजना 2.0 पोर्टल का संचालन

2680. श्रीमती संगीता यादव:

क्या **संसदीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन्नत राष्ट्रीय युवा संसद योजना (एनवाईपीएस) 2.0 पोर्टल के अंतर्गत अब तक संस्थागत पंजीकरणों और व्यक्तिगत भागीदारी की संख्या सहित इस योजना के कार्यान्वयन का ब्यौरा क्या है;
(ख) उन्नत योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में युवा संसद कार्यक्रम का कितना विस्तार किया गया है;
(ग) युवाओं में लोकतांत्रिक सहभागिता को बढ़ाने में इस योजना के प्रभाव के आकलन के प्रमुख निष्कर्ष क्या हैं;
(घ) क्या सरकार भविष्य में इस पहल को और विस्तारित करने का विचार रखती है; और
(ङ) यदि हां, तो ऐसे प्रस्तावित उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री; और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) और **(ख)** युवा संसद कार्यक्रम का विस्तार करने तथा विद्यार्थियों/नागरिकों की व्यापक प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए, मंत्रालय ने 11 सितंबर, 2024 को राष्ट्रीय युवा संसद योजना (एनवाईपीएस) वेब पोर्टल के एक उन्नत संस्करण की शुरूआत की है जिसे एनवाईपीएस 2.0 के नाम से जाना जाता है। केवल मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों तक सीमित पूर्व संस्करण के विपरीत, एनवाईपीएस 2.0 के तहत देश भर के सभी शैक्षणिक संस्थान, समूह और नागरिक भी क्रमश: संस्थागत प्रतिभागिता, समूह द्वारा प्रतिभागिता और व्यक्तिगत प्रतिभागिता के माध्यम से भाग ले सकते हैं। यह देश में लिंग, जाति, पंथ, धर्म, नस्ल, क्षेत्र, निवास स्थान आदि की परवाह किए बिना प्रतिभागिता हेतु उपलब्ध है। इसकी शुरूआत के बाद से, देश में कुल 4,586 संस्थानों ने संस्थागत भागीदारी के तहत पंजीकरण किया है और 44,222 लोगों ने व्यक्तिगत प्रतिभागिता के तहत भाग लिया है। इसके अलावा, एनवाईपीएस के दायरे को और विस्तृत करने के लिए, मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों; राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के विधानमंडलों; विभिन्न शिक्षा बोर्डों (सीबीएसई, सीआईएससीई) को लिखा है और साथ ही संसद टीवी पर समय-समय पर एक प्रचारात्मक वीडियो भी प्रसारित किया जाता है।

(ग) से **(ङ)** वर्तमान में, मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****